**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**

**COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH**

**अनुसंधान भवन, 2,रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001**

**ANUSANDHAN BHAWAN, 2, RAFI MARG, NEW DELHI – 110001**

**(www.csir.res.in)**

## विज्ञापन संख्या आर एंड ए/03/2025

https://recruitment.csir.res.in अथवा https://www.csir.res.in/career-opportunities/recruitment पर '**मुख्य अभियंता भर्ती -2025**' लिंक तक पहुंचें ।

ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण प्रारंभ होने की तारीख : 20.08.2025 (प्रात: 10.00 बजे)
पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: 19.09.2025 (सायं 5.00 बजे)

हेल्प डेस्क: ra.helpdesk@csir.res.in

## सीएसआईआर के विषय में

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के तत्वावधान में एक स्वायत्त निकाय है जो वर्ष 1942 में स्थापित हुआ है। यह देश का प्रमुख वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संगठन है और देश भर में इसकी 37 प्रयोगशालाएँ/संस्थान कार्यरत हैं। देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी जनशक्ति के विकास एवं पोषण के अपने अधिदेश के अनुसरण में सीएसआईआर ने युवा और विविध प्रकार के ज्ञान से युक्त कार्यबल के साथ एक परिवर्तित कार्य संस्कृति की परिकल्पना की है जो सीएसआईआर में आरम्भ की गई विविध पहलों को सुविधाजनक बनाएगी और सहयोग प्रदान करेगी । सीएसआईआर और इसकी विभिन्न प्रयोगशालाओं/संस्थानों के विषय में अधिक जानकारी के लिए कृपया www.csir.res.in वेबसाइट देखें ।

सीएसआईआर निम्नांकित रिक्त पद के लिए सीधी भर्ती के आधार पर यथा उपयुक्त योग्य, सक्रिय, परिणामोन्मुखी और समर्पित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| **पद नाम** | **पदों की संख्या** | **वेतन स्तर** | **अधिकतम आयु सीमा [ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख पर]** |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियन्ता | 01 अनारक्षित [तकनीकी स्टाफ– ग्रेड III (8)] (सीएसआईआर मुख्यालय में) | वेतन मैट्रिक्स स्तर– 13 (ए) (रु.131100 - 216600/-) | अधिकतम 50 वर्ष |

**आवश्यक अर्हता :**

उम्मीदवार एक पेशेवर सिविल इंजिनियर अथवा आर्किटेक्चर हो, जिसके पास सिविल इंजीनियरिंग अथवा आर्किटेक्चर में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष डिग्री के साथ 20 वर्ष का अनुभव हो अथवा एम.ई./एम.टेक या समकक्ष डिग्री के साथ 17 वर्ष का अनुभव हो।

**वांछित:**

- ✓ उसमें विभिन्न स्थलों पर निर्माण और रखरखाव सम्बन्धी कार्य को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की सिद्ध क्षमता हो;

कार्य आवश्यकताएँ/ज़िम्मेदारियाँ

इंजीनियरिंग सेवा प्रभाग (ईएसडी) के प्रमुख के रूप में, मुख्य अभियंता, सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों में फैली निर्माण गतिविधियों को नेटवर्क करने और लागत एवं समय की बचत के साथ निर्माण कार्य को सुगम बनाने के लिए ज़िम्मेदार होंगे। वे वार्षिक बजट का अनुमान लगाने और प्रभाग के दैनिक कार्यों तथा मानव–सामग्री–धन प्रबंधन का मार्गदर्शन करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे।

**क. चयन प्रक्रिया:**

विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार एक चयन समिति द्वारा लिया जाएगा। केवल निर्धारित योग्यता और अनुभव रखने मात्र से ही उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं होगा। विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को चुनने के लिए अपने स्वयं के मानदंड अपनाएगी; समिति का ऐसा निर्णय अंतिम होगा। इसलिए, आवेदकों को अपने आवेदन में निर्धारित न्यूनतम योग्यता के अतिरिक्त सभी प्रासंगिक जानकारी, उचित दस्तावेजों के साथ, प्रदान करनी चाहिए। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जानकारी पूर्ण और सटीक हो। चुने गए उम्मीदवार को साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान की सूचना दी जाएगी और इस विज्ञापन से संबंधित सभी जानकारी केवल सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट: https://www.csir.res.in पर ही प्रकाशित की जाएगी।

**ख.** दिनांक 04.01.2021 की डीईपीडी अधिसूचना संख्या 38-16/2020–डीडी–III के अनुसार मुख्य अभियंता का पद बेंचमार्क दिव्यांगताओं की निम्नांकित श्रेणियों के लिए उपयुक्त है:

- श्रेणी (क) – डी (बधिर), एचएच (सुनने में कठिनाई);
- श्रेणी (ख) – ओए (एक हाथ), ओएल (एक पैर) एलसी (कुष्ठ रोग उपचार उपरान्त), डीडब्ल्यू (बौनापन), एएवी (एसिड अटैक पीड़ित);
- श्रेणी (ग) – एसएलडी (विशिष्ट अधिगम अक्षमता); एमआई (मानसिक रोग)
- श्रेणी (घ) – एमडी (उपर्युक्त क से ग तक की कई दिव्यांगताएं)

**ग. लाभ–:**

1. इस पद पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को देय और सीएसआईआर कर्मचारियों के तैनाती के स्थान पर लागू वेतन और सामान्य भत्ते अर्थात महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) आदि मिलते हैं। परिषद के कर्मचारी, उपलब्धता के अधीन, सीएसआईआर आवास आवंटन नियमों के अनुसार आवास के भी हकदार हैं। यदि परिषद अथवा सरकारी आवास का उपयोग किया जाता है, तो एचआरए प्रदान नहीं किया जाएगा।

2. उपर्युक्त के अतिरिक्त, अन्य लाभ जैसे कि अवकाश यात्रा रियायत और चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति तथा बच्चों की शिक्षा भत्ते आदि भी सीएसआईआर नियमों/भारत सरकार के नियमों के अनुसार उपलब्ध हैं, जो परिषद कर्मचारियों पर लागू हैं।

3. चयनित उम्मीदवार को "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" या सीएसआईआर द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए अपनाए गए परिभाषित अंशदान के आधार पर विद्यमान पेंशन प्रणाली द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

4. परिषद के कर्मचारियों की सेवा शर्तों से संबंधित सभी मामलों के संबंध में, केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964, केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मौलिक और पूरक नियम और समय–समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए गए ऐसे अन्य नियम एवं आदेश परिषद के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

**घ. आयु में छूट:–**

1. बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (PwBD) को आयु सीमा में छूट: भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, बेंचमार्क विकलांगता से पीड़ित व्यक्तियों को ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट (अधिकतम आयु 56 वर्ष के अधीन) दी जाएगी। यह छूट तभी लागू होगी जब शारीरिक विकलांगता 40% या उससे अधिक हो।

2. सीएसआईआर और उसकी प्रयोगशालाओं/संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के लिए, भारत सरकार/सीएसआईआर द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों और आदेशों के अनुसार, ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष तक की छूट भी उपलब्ध है। यह छूट उन सरकारी कर्मचारियों को देय होगी जिनकी तीन वर्ष की निरंतर सेवा हो और जो समान श्रेणी या संबद्ध संवर्ग के पदों पर कार्यरत हों और जहाँ यह संबंध स्थापित हो सके कि उस विशेष पद पर पहले से की गई सेवा उस पद के कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी जिसके लिए भर्ती की जा रही है। इस संबंध में निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी का होगा।

**च. सामान्य शर्तें**

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।

2. निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान/विश्वविद्यालयों से प्राप्त की गई हों।

3. आयु सीमा/अनुभव/अर्हता निर्धारित करने की तारीख ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्धारित अंतिम तारीख अर्थात 19.08.2025 होगी।

4. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, साक्षात्कार का आयोजन आदि तथा पद न भरने से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा की जाने वाली कोई भी पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. दर्शाई गई रिक्ति अनंतिम है। जरूरी नहीं है कि यह विज्ञापन वास्तव में किए जा रहे चयन के समान हो। यह चयन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान किसी निश्चित समय पर लागू सीएसआईआर/भारत सरकार के अनुदेशों के अधीन है।

6. उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तारीख तक उनके पास पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक अहर्ता/अनुभव हो। न्यूनतम अनिवार्य अर्हता पूरी करने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं मिल जाता। विधिवत गठित छानबीन समिति साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को लघुसूचीबद्ध (शॉर्टलिस्टि) किए जाने हेतु अपने स्वयं के मानदंड अपना सकती है। आवेदक अपने आवेदन में उल्लिखित अर्हताओं से संबंधित समस्त प्रासंगिक जानकारी, उचित दस्तावेजों के साथ प्रदान करें। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि समस्त जानकारी पूर्ण एवं सटीक हो।

7. अपेक्षित विषय/कार्य क्षेत्र में अनुभव की अवधि की गणना सम्बन्धित पद के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता प्राप्त करने की तारीख से की जाएगी।

8. नियुक्ति पत्र, कार्यभार ग्रहण अधिसूचना (ज्वाइनिंग नोटीफिकेशन), वेतन प्रमाण पत्र और अनुभव के रूप में दावा की गई अवधि हेतु अनुभव प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हो, जिसमें उम्मीदवार द्वारा दावा किए गए विभिन्न संगठनों/संस्थानों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख और कार्यभारमुक्ति की तारीख का उल्लेख हो। इसके अतिरिक्त, अनुभव प्रमाण पत्र ऐसे प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो जो ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम हों।

9. सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आवेदकों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार की तारीख यथासमय सूचित की जाएगी। तथापि, ऐसे उम्मीदवार विज्ञापन के निमित्त अपने आवेदन के विषय में अपने नियोक्ता को अवश्य सूचित करें।

10. आवेदन में दी गई जानकारी और मूल दस्तावेजों में दी गई जानकारी के बीच कोई भी विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवार को पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

11. यदि प्रस्तुत किया गया कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिंदी अथवा अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है तो उसकी अंग्रेजी में विधिवत सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

12. सरकार/सीएसआईआर ऐसे कार्यबल के निर्माण हेतु प्रयासरत है जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करे अत: महिला उम्मीदवारों को आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

13. भारत सरकार/सीएसआईआर के निर्देशों के तहत निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले बेंचमार्क विकलांगता [पीडब्ल्यूबीडी] वाले व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

14. प्रत्येक उम्मीदवार से पद के लिए केवल एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। **यदि कोई उम्मीदवार एक ही पद के लिए अलग–अलग ईमेल आईडी से कई ऑनलाइन आवेदन जमा करता है, तो केवल नवीनतम पूर्ण आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।**

15. किसी भी रूप में प्रचार करना और/अथवा किसी भी प्रकार का राजनीतिक या अन्य प्रभाव डालना पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

16. चयनित उम्मीदवार एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा जिसे नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

17. बिना विधिवत भरे या बिना अपेक्षित प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों के अपलोड किए गए आवेदनों को तुरन्त अस्वीकार कर दिया जाएगा।

18. उम्मीदवारों की छानबीन और चयन केवल ऑनलाइन आवेदन में दिए गए दस्तावेजों और सूचनाओं के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है अथवा उसने आवेदन पत्र में गलत या झूठी जानकारी दी है, तो चयन के बाद भी उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और सीएसआईआर ऐसी गलत/त्रुटिपूर्ण जानकारी देने के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी परिणाम के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। अत: उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई समस्त जानकारियां सटीक और सही हों।

19. यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में निर्दिष्ट अर्हता के समकक्ष अर्हता का दावा करता है, तो उसे एक आदेश/अधिसूचना अथवा पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उस प्राधिकरण (संख्या और दिनांक सहित) का उल्लेख हो जो इस समकक्षता को मान्यता देता है। ऐसे दस्तावेज़ प्रस्तुत न करने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। अर्हताओं की समकक्षता और विश्वविद्यालयों/संस्थानों की मान्यता के संबंध में सीएसआईआर के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

20. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को नियमानुसार रेल किराया दिया जाएगा, जिसमें निवास स्थान/वास्तविक प्रस्थान स्टेशन, जो भी नई दिल्ली के नजदीक हो, से सबसे छोटे मार्ग से आने–जाने का आरक्षण भी शामिल होगा।

21. नियुक्ति प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार रखता है तथा यदि आवश्यक हो तो पद को न भरने का निर्णय भी ले सकता है।

22. साक्षात्कार की तारीख, छानबीन/चयन समितियों की अनुशंसाएं, प्रयुक्त मानदंड, और इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी अन्य अद्यतन (अपडेट), सूचना, परिशिष्ट या शुद्धिपत्र केवल सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट पर ही पोस्ट किए जाएंगे। उम्मीदवारों को कोई व्यक्तिगत सूचना नहीं भेजी जाएगी; अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

## ज. आवेदन कैसे करें

क. पात्र उम्मीदवारों को वेबसाइट **https://www.csir.res.in/career-opportunities/recruitment** पर जाकर अथवा सीएसआईआर वेबसाइट **https://recruitment.csir.res.in** पर उपलब्ध लिंक "मुख्य अभियंता भर्ती -2025" पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

ख. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए कृपया उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध "ऑनलाइन आवेदन कैसे करें" अनुदेश, "शुल्क भुगतान प्रक्रिया' और 'आवेदन प्रतिकृति' देखें।

ग. आवेदन तीन अलग–अलग चरणों में प्रस्तुत किया जाना है, जो निम्नांकित हैं : –

- पंजीकरण [ऑनलाइन]
- शुल्क जमा करना [ऑनलाइन], यदि लागू हो।
- आवेदन जमा करना [ऑनलाइन]

**घ.** यदि उम्मीदवार के पास वैध ईमेल आईडी नहीं है, तो वह ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक नई वैध ईमेल आईडी बनाए और सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान उसे सक्रिय रखे। आवेदन के उपर्युक्त चरणों की तारीखें इस प्रकार हैं : -

- ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण/शुल्क जमा किए जाने के आरंभ होने की तारीख: 20.08.2025 (प्रात:10:00 बजे)
- शुल्क/ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: 19.09.2025 (सायं 5:00 बजे)

ङ. उम्मीदवारों के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध 'शुल्क भुगतान प्रक्रिया' के अनुसार 500/- रुपये का आवेदन शुल्क देय होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग (स्थायी दिव्यांगता)/महिला/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। निर्धारित शुल्क के बिना आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। इस अस्वीकृति के विरुद्ध किसी भी प्रकार के कोई अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

च. उम्मीदवार के लिए ऑनलाइन आवेदन में निर्दिष्ट स्थान पर अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्कैन किया हुआ रंगीन फोटोग्राफ, हस्ताक्षर (अधिकतम आकार 50 केबी) तथा संबंधित प्रमाण पत्र (अधिकतम आकार 2 एमबी प्रत्येक) अपलोड करना आवश्यक है।

छ. एक बार आवेदन करने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकेगा तथा भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही उसे किसी अन्य परीक्षा अथवा चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकेगा।

ज. सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई ग्रेड आदि प्रदान करने वाले बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के मामले में उम्मीदवारों के लिए अपने बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थान के अनुसार निर्धारित फॉर्मूले के आधार पर इसे प्रतिशत में परिवर्तित करना अपेक्षित है। बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी

सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई ग्रेड आदि को प्रतिशत में परिवर्तित करने के फॉर्मूले की एक प्रति ऑनलाइन आवेदन में अपलोड की जानी है।

झ. आवेदन के सफलतापूर्वक जमा हो जाने पर उसे अनंतिम रूप से स्वीकार कर लिया जाएगा। ऑनलाइन जमा करने के बाद तैयार आवेदन का प्रिंटआउट, अपेक्षित प्रमाणपत्रों, अंकतालिकाओं, आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक अर्हता, अनुभव और जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ, एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्व–हस्ताक्षरित फोटोग्राफ लगाकर अपने पास रखें और कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर आवश्यकतानुसार मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें।

ञ. एक बार आवेदन पत्र जमा हो जाने के बाद उसमें निहित किसी भी विवरण में परिवर्तन/सुधार का अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ट. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ई–मेल पता और मोबाइल नंबर भरना होगा क्योंकि पत्राचार केवल ई–मेल/एसएमएस के माध्यम से ही किया जा सकेगा।

ठ. किसी भी गणमान्य व्यक्ति के नाम/फोटो का दुरुपयोग करके फर्जी/मनगढ़ंत आवेदन/पंजीकरण के मामले में ऐसे उम्मीदवार/साइबर कैफे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और साइबर कानून/आईटी अधिनियम के तहत उपयुक्त कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

ड. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। **इस विज्ञापन से संबंधित परिशिष्ट/शुद्धिपत्र और अद्यतित जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट http://www.csir.res.in पर जाएं। इस विज्ञापन से संबंधित परिशिष्ट/शुद्धिपत्र और अद्यतित जानकारी से संबंधित कोई भी सूचना/जानकारी उम्मीदवारों को अलग से नहीं भेजी जाएगी। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से सीएसआईआर की वेबसाइट देखते रहें।**

ढ. उम्मीदवार यह स्पष्ट करें कि क्या उनका कोई रक्त/निकट संबंधी (परिषद सेवक से संबंध में पत्नी या पति, पुत्र या पुत्री, माता–पिता, भाई या बहन या उनमें से किसी से रक्त या विवाह से संबंधित कोई व्यक्ति शामिल है, चाहें वे परिषद सेवक पर आश्रित हो अथवा नहीं) सीएसआईआर मुख्यालय अथवा सीएसआईआर की किसी अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशाला/संस्थान में कार्यरत है।

ण. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र की कागज़ी प्रति/हार्ड कॉपी (प्रिंट–आउट) के साथ निम्नांकित दस्तावेज तैयार रखने होंगे और कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करने होंगे:

- फॉर्म पर रंगीन फोटो चिपकाएं और पूरे हस्ताक्षर करें।
- जन्मतारीख दर्शाने वाले 10वीं/12वीं कक्षा के प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।
- शैक्षणिक अर्हता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।

- एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी, यदि लागू हो।

- अनुभव प्रमाण पत्रों की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।

त. ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने में किसी भी विसंगति के लिए सीएसआईआर ज़िम्मेदार नहीं है। इसलिए आवेदकों को अनुदेशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत विवरण को अंतिम माना जाएगा और आवेदन पर अग्रिम प्रक्रिया केवल इन्हीं विवरणों के आधार पर होगी। विज्ञापन में दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़े बिना किसी भी तरह के पत्राचार के माध्यम से किए गए लापरवाह प्रतिनिधित्व/स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।

थ. ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित वैधीकरण नियम और डिज़ाइन विज्ञापन की आवश्यकताओं पर आधारित है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और आवेदन पोर्टल पर "इंस्ट्रक्शन्स" पृष्ठ देखें। ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से जमा किए गए आवेदन का अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार ने विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा कर लिया है। आवेदन बाद में जाँच के अधीन है और किसी भी समय अयोग्य पाए जाने पर उसे अस्वीकार किया जा सकता है।

द. पद पर नियुक्ति अनंतिम होगी और अर्हता व अनुभव आदि के सत्यापन के अधीन होगी। यदि सत्यापन से पता चलता है कि उम्मीदवार का दावा झूठा है, तो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के अंतर्गत की जाने वाली किसी भी अग्रिम कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना तथा बिना कोई और कारण बताए उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी।

ध. हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी असंगति की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**किसी भी अंतरिम जांच या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**हस्ताक्षरित/–**
**उप सचिव (आर एंड ए)**